# पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय गोलाघाट


# PM SHRI KV GOLAGHAT

## 2024-2025

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

Pradhan Mantri ScHools for Rising India





# प्राचार्य सन्देश



प्रिय विद्यार्थियों, शिक्षकगण एवं अभिभावकों,

हर्ष और गर्व का विषय है कि हमारा विद्यालय एक और नए संस्करण के साथ अपनी वार्षिक पत्रिका प्रस्तुत कर रहा है। यह पत्रिका न केवल हमारे विद्यार्थियों की रचनात्मकता और सोच को अभिव्यक्त करने का एक माध्यम है, बल्कि उनके बौद्धिक एवं नैतिक विकास की भी झलक प्रस्तुत करती है।विद्यालय केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि एक संस्कार स्थल भी है, जहाँ हम ज्ञान, चरित्र और कौशल का समुचित विकास करते हैं। इस पत्रिका के माध्यम से छात्रों ने अपनी कल्पनाओं, विचारों और अभिव्यक्तियों को शब्दों और चित्रों के रूप में प्रस्तुत किया है, जो निश्चित रूप से प्रेरणादायक और सराहनीय हैं।मैं इस अवसर पर उन सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और संपादकीय टीम को बधाई देता हूँ जिन्होंने इस पत्रिका को आकार देने में अपना योगदान दिया। आशा है कि यह पत्रिका आप सभी के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।

[रवि शंकर ख़खलारी]

प्राचार्य

[पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय गोलाघाट]

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय गोलाघाट
विद्यालय पत्रिका 2024-2025

# मुख्य संरक्षक



**श्री चन्द्रशेखर आज़ाद**
**उपायुक्त**
**क्षेत्रीय कार्यालय, गुवाहाटी**

# संरक्षक



**श्री रामकुमार पाणिग्रही**
**सहायक आयुक्त**
**क्षेत्रीय कार्यालय, गुवाहाटी**



**श्री नरेश कुमार**
**सहायक आयुक्त**
**क्षेत्रीय कार्यालय, गुवाहाटी**



**श्री रणधीर सिंह**
**सहायक आयुक्त**
**क्षेत्रीय कार्यालय, गुवाहाटी**

## मार्गदर्शक एवं प्रेरणास्रोत



**श्री रविशंकर खखलारी**
**प्राचार्य**
**पीएम श्री केवी गोलाघाट**

# BAGLESS DAYS







# MUSIC EQUIPMENT









# SCHOOL FURNITURE









# GREEN SCHOOL PLANTATION









# HEALTH CAMP









# KITCHEN GARDEN









# VERMICOMPOST PIT










# 100% PROCUREMENT AND INSTALLATION OF WATER PURIFIER






# FORMATION OF PM SHRI INNOVATION COUNCIL




- School Innovation Council is formed and members we assigned their duty as per the guidelines.
- Certificate downloaded from the website.

# SCHOOL READINESS FOR CLASS ONE STUDENTS









# SELF DEFENSE TRAINING TO GIRLS STUDENTS OF SECONDARY SECTION.








# MENTORING BY EMINENT EXPERTS









# 21ST CENTURY LEARNING AND INFORMATION SKILLS









# ADOLESCENT GIRLS PROGRAMS






# DISPLAY OF NEP











# एफ एल एन कार्यक्रम

















# Library Activities: Book review and use of ICT in library









# स्वच्छता पखवाड़ा











# पीएम श्री गतिविधियाँ




















# READING PROMOTION WEEK
# STORY TELLING COMPETITION










# READING PROMOTION WEEK
# POEM RECITATION COMPETITION












# BALA




DAY OF THE WEEK
MONDAY
TUESDAY
WEDNESDAY
THURSDAY
FRIDAY
SATURDAY
SUNDAY


January
February
March
April
May
June
July
August
September
October
November
December


Clouds
Water vapour
Rain
River


Petals
Stigma
Anther
Filament
Style
Sepals
Ovary
Pedicle


SUN
MERCURY
VENUS
EARTH
MARS
COMET
JUPITER
SATURN
URANUS
NEPTUNE

# TOY LIBRARY & TOY BASED LEARNING









# SPORTS EQUIPMENTS & ACTIVITIES



















# ACHIEVEMENTS IN SPORTS








# योग दिवस


YOGA




YOGA




KENDRIYA VIDYALAYA GOLAGHAT
Celebrating
INTERNATIONAL
YOGA
DAY

# GUIDANCE AND COUNSELLING









# BALVATIKA-3


April
May
June
July
August
September
BALVATIKA
PM SHRI KV GOLAGHA







# MATHS KIT AND MATHS CIRCLE






# SCIENCE KIT AND SCIENCE CIRCLE









# MAIN ENTRANCE & SELFIE POINT









# EXPOSURE VISIT











# DIGITAL LIBRARY






# E-CLASSROOM










# FEEDBACK OF STUDENTS AND TEACHERS FOR PM SHRI FACILITIES

# Student's Review

PM SHRI

Facilities we got after our Kendriya Vidyalaya turned out a PM SHRI Kendriya Vidyalaya:

① Our school bought so many digital boards. With the help of these boards the teachers of our school are able to teach us more effectively. It is also a medium of entertaiment for the junior students.

② Availability of sanitary napkins. Our school bought two sanitary napkins machines; one for the ground floor girls toilet and other for first floor girls toilet. It has helped the girls so much. We only have to insert five rupees coin to get one sanitary napkin.

③ Our resource room turned out to an interactive room. Every meetings are held there. Our school library has also turned out to a digital library. Approximately ten computers are inserted in our school library.

④ Different professors comes and teaches or addresses us about different topics like about 21st century skills, about healthcare, about stress management, about menstrual health etc. With this facility we got the opportunity to learn about so many things.

⑤ Our school has also bought cool water machine. By the help of this machine, the students are getting rid of extreme hot weather during summer.

We have also got other facilities. PM SHRI has become a blessing for us.

— Mansi Chetia
X

## How Am I Benefitted by PMSHRI

PMSHRI is new scheme introduced by our Prime Minister. It aims to provide essential facilities and many activities for the betterment of thousands of schools all across India. Students are highly benifited under this scheme and the students enjoy many things such as smart classrooms, teaching using technology, many extracurricular activities and even workshops on 21st century skills and mental health. As for me, I have noticed many great impacts of in my own school such as implementation of smart boards in teaching for better understanding. We also greatly enjoyed excursion to NIELIT Jorhat where we learnt many essential 21st century skills and about the importance of AI. With PMSHRI, our school has truly changed a lot. With this I would like to sum up that PMSHRI has been a really effective scheme till now and students have also felt the positive impact of this scheme. And we are looking forward for more such improvements in our future with the help of PMSHRI.

(160 words)

Name - Raihanul Aziz Haque
Class - IX
Roll no. - 40

# Student's Review

The changes took place after PM Shri implementation in K.V.S are as fallows :-

1) Enhancement in modern facilities such as smart classroom science and maths labs, sports lab and digital libraries

2) Implementations of green and sustainable initiatives ~~one of~~ some of which are plastic free environment and waste management system.

3) Providing guidance and leaderships to improve educational standards in the school's surroundings.

4) Focus on conceptual understanding and real-life. application of knowledge through competency-based assessments.

5) Efforts have been made to provide essential and appropirate fascilities especially for girls one of which is providing vending machines.

Name - Santanu Konwar
Class - XII 'A'

Benifits of PM Shri Changes

From Kendriya Vidyalaya Golaghat the name of our school changed to PM Shri Kendriya Vidyalay golaghat. Due to our Prime Minister's guideance our school had got many facilities such as sanitary pads vending and disposabe facilities, self defence training for girls, feild trip every yea for various exprience, sprots equipment in games period, yoga teacher and extra period provided for yoga classes.

Thank you!!

Name - Priyanshi Meher
Class - VIII
Roll no - 42

# Sport's Captain Reviews

As the sports captain of PM SHRI Kendriya Vidyalaya, Golaghat, I am immensely grateful for the continuous support and provision of sports equipments such as table Tennis courts, tt and badminton rackets, carrom boards and more to our school. These valuable resources have not only encouraged students to explore new sports but have also significantly contributed to their physical well-being. The quality and variety of equipments have fostered a spirit of enthusiasm and dedication among the students. They have also opened up opportunities for them to excel in various sports.

Furthermore, the facilities provided to players for regional and national level competitions have been exceptional, ensuring that our athletes do not face any challenges during their participation. This support has played a crucial role in our recent success, as our players continue to bring home victories. I would also like to extend my appreciation to our dedicated Physical Education teacher, whose guidance and support have significantly enhanced the skills and confidence of all players. This commitment to nurturing young athletes has been key to our growing achievements.

Name - Vieluna Sui
Class - XII A
School Sports captain (Girls)

As Sports Captain, I have witnessed remarkable growth in our Kendriya Vidyalaya's sports program. After the enactment of the PMSHRI scheme, modern infrastructure, expert coaching and inter-school competitions nuture talented athletes. Our students excel in regional and national tournaments.

Many sports program and initiatives like coaching camps, sports trials, physical education programs were also introduce. A major upliftment of sports knowledge is also observed in our junior which which encourage them to move with such games.

Atlast, my suggestion is that in these regards the role of our Physical Education teachers is very crucials. He is the one who can guide the next generation, our juniors with his immense experience.

As a sports captain, I am proud to be a student of these Vidyalaya and is eagerly waiting to see how our students use these resources aptly.

Class: XII
Sec: A
School Sports Captain (Boys)

# Teacher's Review

The PM SHRI scheme aims on holistic development, including physical education and sports. I have observed significant positive impacts of the PM SHRI scheme on the games and sports program. Infrastructure and facilities has improved and for that students participation is also increased. The PM SHRI scheme at KV Golaghat, fostering an environment that values physical education alongside academic achievement. It highlights improvement in infrastructure, student participation, skill development and mental well-being.

As the school continuous to implement the PM SHRI initiatives, the benefits of a well rounded education that includes sports will be increasingly evident and it will strengthen school's spirit.

From
Prabin Nandi
TGT (P&HE)
PM SHRI KV Golaghat

The PM SHRI scheme has made a remarkable contribution to enhancing the learning experience of learning aids, including magic slates, have been purchased and distributed to students, fostering a more engaging and child friendly learning environment.

Magic Slates have proven to be an effective tool for young learners, allowing them to write erase and rewrite with ease. The fear of making mistakes is reduced, and students are motivated to explore and learn through trail and error

Additionally, the introduction of visual and activity based learning aids like flashcards, charts, number blocks, and educational games has made teaching-learning more interactive and joyful.

The support received through the PM SHRI Scheme has significantly strengthened the foundation of early education. It reflects the government's commitment to providing quality and inclusive education for all. The initiative continues to inspire curiously, creativity and confidence among the young learners of PM SHRI KV Golaghat.

From
Prativa Ghosh
PRT
PM SHRI KV Golaghat

# List of AISSCE/AISSE Toppers 2024



AISSE Topper
Diksha Sarmah(91%)



AISSCE Topper
Ritom Saikia
XII Science(94.2%)



AISSCE Topper
Kamsin Tamanna
XII Humanities(93.8%)

# NEP 2020


The principles of National Education Policy 2020 as mentioned by the government are:

- Flexibility
- No hard separations between subjects, curricular and extra-curricular activities
- Multi-disciplinary education
- Conceptual understanding
- Critical thinking
- Ethical Values
- Teachers as the heart of the learning process
- The strong public education system

# खिलौना आधारित शिक्षाशास्त्र







हमारे शिक्षक छात्रों की ज़रूरत के हिसाब से पाठों की योजना बना रहे हैं और खिलौना शिक्षण पद्धति का उपयोग कर रहे हैं। ताकि हम लक्ष्य हासिल कर सकें।

# <u>आनंदपूर्ण शिक्षा</u>








हमारे प्राथमिक अनुभाग में आनंदपूर्ण शिक्षण पर जोर दिया जाता है । इंटरैक्टिव और आकर्षक गतिविधियाँ जो जिज्ञासा और उत्साह को जगाती हैं, को बढ़ावा दिया जाता । खेल-आधारित विधियों, व्यावहारिक परियोजनाओं और सहयोगात्मक शिक्षण के माध्यम से, छात्र एक मज़ेदार और सहायक वातावरण में आवश्यक कौशल विकसित करते हैं, जिससे शिक्षा के प्रति रूचि में वृद्धि होती है।

# विद्या प्रवेश



हमारे विद्यालय में कक्षा 1 के लिए विद्याप्रवेश और बालवाटिका के नन्हें शिक्षार्थियों का स्वागत आकर्षक गतिविधियों और रोचक कार्यक्रमोंद्वारा किया गया। ये कार्यक्रम बुनियादी कौशल, खेल-आधारित शिक्षा और समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जो जिज्ञासा और सीखने के प्रति प्रेम को बढ़ावा देते हुए औपचारिक शिक्षा में एक सहज जुड़ाव सुनिश्चित करते हैं।

# BALA

विद्यालय में BALA का क्रियान्वयन ठीक से किया गया है। विद्यार्थियों की मदद से कक्षा के अंदर और बाहर की दीवारों पर इस अवधारणा पर कई पेंटिंग बनाई गई हैं। वर्तमान सत्र और आगामी सत्र में और अधिक कार्य करने की योजना बनाई गई है।
















# अनुभवात्मक शिक्षा

NEP के अनुसार, बच्चे करके बेहतर सीखते हैं। विज्ञान सर्किल किट, प्रयोगशाला गतिविधियाँ, खाद का गड्ढा, रसोई बागवानी, रोल-प्ले, कहानी सुनाना आदि का उपयोग व्याख्यान, स्पष्टीकरण और शैक्षणिक लेन-देन के अन्य रूपों के पूरक के रूप में किया जा रहा है। हम करके सीखने में विश्वास करते हैं! किताबों में चीजों के बारे में पढ़ने के बजाय, हम उन्हें सीधे अनुभव करते हैं। चाहे वह बगीचे में बीज बोना हो, विज्ञान प्रयोग करना हो, या फील्ड ट्रिप पर जाना हो, हम तब बेहतर सीखते हैं जब हम खुद देख सकते हैं, छू सकते हैं और खोज कर सकते हैं। अनुभवात्मक शिक्षा स्कूल को रोमांचक बनाती है और हमें चीजों को इस तरह से समझने में मदद करती है जो बच्चे के जीवन से जुड़ी होती है।

# समावेशी शिक्षा

हमारा विद्यालय समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देता है, यह सुनिश्चित करके कि हर छात्र, चाहे उसकी योग्यता या पृष्ठभूमि कुछ भी हो, एक सहायक वातावरण में एक साथ सीखता है। हम अनुकूलित संसाधन प्रदान करते हैं, स्वीकृति की संस्कृति को बढ़ावा देते हैं, और सभी छात्रों को अकादमिक और सामाजिक रूप से आगे बढ़ने में मदद करने के लिए सहयोग को बढ़ावा देते हैं। हमारे स्कूल में कुछ छात्र ऐसे हैं जो हमेशा कुछ नया करने की सोच रखते हैं, हम उनके साथ समान व्यवहार करते हैं और उन पर विशेष ध्यान देते हैं।









# <u>विशेषदिवसों का उत्सव</u>

विद्यालय में नियमित पाठ्य सहगामी गतिविधियों के भाग के रूप में कई विशेष दिवस मनाए जाते हैं। जैसे- हिन्दी पखवाड़ा, स्वच्छता पखवाड़ा, विज्ञानं दिवस, स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस आदि। इसके अलावा सभी दिवस क्षेत्रीय कार्यालय से प्राप्त पत्रों के अनुसार मनाए जाते हैं।










# सामूहिक दोपहर का भोजन

विद्यालय के प्राथमिक कक्षाओं के छात्रों के साथ सामूहिक दोपहर का भोजन एक आनंददायक कार्यक्रम था, जिसने एकता और समावेशिता को बढ़ावा दिया। बच्चों ने भोजन एक – दूसरे के साथ साझा किया, हँसे, और कहानियाँ सुनाकर एक-दूसरे से जुड़े। शिक्षकों और अभिभावकों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया, जिससे एक गर्मजोशी भरा और स्वागत करने वाला माहौल बना। इस कार्यक्रम ने सामुदायिक संबंधों को मजबूत किया, युवा मन को साझा करने और एकजुटता के मूल्यों की शिक्षा दी।





# छात्रों के लिए स्वास्थ्य शिविर

विद्यालय स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य बच्चों को स्वास्थ्य के बारे में उनकी पूरी क्षमता तक सीखने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना है। विद्यालय के चिकित्सा प्रभारी श्री गौरव शर्मा ने बताया कि स्कूल ने मानदंडों के अनुसार दो स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए और छात्रों के लाभ के लिए समय-समय पर सेमिनार/कार्यशालाएँ भी आयोजित कीं।







# प्रातः कालीन सभा में नई पहल

सुबह की सभा में नियमित रूप से नई पहल की जाती है। नवाचार किया जाता है, इसमें शिक्षकों द्वारा प्रेरक भाषण, छात्रों द्वारा नृत्य और संगीत, जागरूकता अभियान पर नाटक, कहानी, प्रदर्शनी आदि शामिल हैं।





# शिक्षकों की उपलब्धियां

हमारे विद्यालय के तीन शिक्षकों श्री संजय यादव (स्नातकोत्तर शिक्षक-हिंदी), श्री मनोज कलम्बे (स्नातकोत्तर शिक्षक-इतिहास) और श्रीमती शर्मिष्ठा दत्ता चौधरी (स्नातकोत्तर शिक्षिका-अर्थशास्त्र) को कक्षा X और XII बोर्ड परीक्षा 2022-23 में उच्च गुणवत्ता वाला प्रदर्शन प्राप्त करने के लिए क्षेत्रीय कार्यालय गुवाहाटी से उत्कृष्टता प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है।







# बागवानी









हमारे पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय  गोलाघाट में “बागवानी कार्यक्रम" के तहत छात्रों को बागवानी के महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में सिखाया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने पौधों की देखभाल, रोपण और उन्हें पोषित करने के तरीके सीखे। बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने और प्राकृतिक संसाधनों की महत्ता समझाने के लिए यह एक बेहतरीन अवसर था। इस कार्यक्रम ने छात्रों में जिम्मेदारी, धैर्य और प्राकृतिक सौंदर्य के प्रति स्नेह विकसित किया। साथ ही, यह भी सुनिश्चित किया कि वे पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा रखने में अपना योगदान दें।

# शिक्षण अधिगम सामग्री







विद्यालय में शिक्षण-सीखने की सामग्री (Teaching-Learning Materials - TLM) का महत्वपूर्ण स्थान है। ये सामग्री शिक्षकों को पाठ्यक्रम को सरल और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने में मदद करती है। टीएलएम का उद्देश्य छात्रों को एक आकर्षक और व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है, जिससे उनका ज्ञान और समझ बढ़ सके।
इन सामग्रियों में चार्ट, मॉडल, फ्लैशकार्ड, वीडियो, शैक्षिक खेल, माड्यूल, आदि शामिल होते हैं। ये सामग्री छात्र की सोच को विकसित करने, समस्या समाधान की क्षमता को बढ़ाने और उनके दृष्टिकोण को व्यापक बनाने में सहायक होती हैं। इसके साथ ही, टीएलएम छात्रों की रुचि को बनाए रखने और उनकी सक्रिय भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण है।
केंद्रीय विद्यालय में, टीएलएम का उपयोग छात्रों की व्यक्तिगत और सामूहिक सीखने की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाता है। यह शिक्षा को रोचक और संवादात्मक बनाता है, जिससे छात्रों की समझ और याददाश्त में वृद्धि होती है।

# व्यावहारिक कौशल प्रशिक्षण





विद्यालय की कला शिक्षक श्रीमती श्यामली चलिहा के नेतृत्व में माध्यमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों ने ‘बस्ता रहित दिवस’ कार्यक्रम के तहत कला एवं शिल्प की वस्तुएँ बनाना सीखा।
विद्यालय में " कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों को बैग के बोझ से मुक्त करके व्यावहारिक और हाथों से किए जाने वाले कौशलों का प्रशिक्षण दिया जाता है। इस दिन छात्रों को विभिन्न गतिविधियों जैसे कि कला एवं शिल्प, रोबोटिक्स, विज्ञान प्रयोग, पाक कला और उद्यानिकी आदि के बारे में जानकारी दी गई । इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों की रचनात्मकता को बढ़ावा देना, उनके अंदर टीम वर्क और आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करना तथा उन्हें जीवनोपयोगी कौशल सिखाना है। यह नवाचार आधारित शिक्षण पद्धति बच्चों को पारंपरिक शिक्षा से इतर नए अनुभव प्रदान करती है, जिससे वे अपने अंदर छिपी प्रतिभाओं को निखार सकें।

# आत्मरक्षा प्रशिक्षण





विद्यालय में आत्मरक्षा प्रशिक्षण छात्रों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। यह प्रशिक्षण छात्रों को न केवल अपने शरीर की सुरक्षा का तरीका सिखाता है, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास, साहस और शांति बनाए रखने की भी शिक्षा देता है।
आत्मरक्षा का उद्देश्य छात्रों को ऐसी परिस्थितियों का सामना करने के लिए तैयार करना है, जहाँ उन्हें अपनी सुरक्षा की आवश्यकता हो। इसमें शरीर के कुछ विशेष हिस्सों का उपयोग, आत्मसुरक्षा की तकनीकों, और मानसिक स्थिति को सही रखने की विधियों पर ध्यान दिया जाता है।
केंद्रीय विद्यालयों में यह प्रशिक्षण नियमित रूप से किया जाता है, जिससे छात्रों में संकट के समय सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित होती है। आत्मरक्षा प्रशिक्षण न केवल लड़कियों के लिए, बल्कि लड़कों के लिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह उन्हें अपने और दूसरों की सुरक्षा के प्रति सजग बनाता है। इस तरह के प्रशिक्षण से छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ता है और वे अपनी सुरक्षा को लेकर अधिक सचेत रहते हैं।

# वार्षिक निरीक्षण दिवस






विद्यालय में वार्षिक निरीक्षण दल का भ्रमण 27 जून 2024 को क्षेत्रीय कार्यालय गुवाहाटी के उपयुक्त महोदय श्री चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में किया गया । निरीक्षण दल के सदस्यों में श्री के. के. मोटला (प्राचार्य केवी आर. आर. एल. जोरहाट), डॉ. सुरेन्द्र सिंह (प्राचार्य केवी दिफू), श्री सुरेन्द्र कुमार (प्राचार्य केवी लमडिंग), श्री अजय हजारिका (प्रधानाध्यापक केवी एएफएस जोरहाट) आदि ने विभिन्न कक्षाओं का निरीक्षण करके अपने अमूल्य सुझाव छात्रों और शिक्षकों के साथ साझा किये ।
वार्षिक निरीक्षण दिवस एक महत्वपूर्ण आयोजन होता है, जिसमें विद्यालय की शैक्षणिक, सह-शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों का मूल्यांकन किया जाता है। इस दिन निरीक्षक विद्यालय का दौरा कर शिक्षकों के शिक्षण कौशल, छात्रों की प्रगति, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय और अन्य सुविधाओं का निरीक्षण करते हैं। छात्र विभिन्न प्रस्तुतियाँ, प्रोजेक्ट प्रदर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेल गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाते हैं। यह दिन विद्यालय की गुणवत्ता को बेहतर बनाने और शैक्षणिक वातावरण को और प्रभावी बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है।

# मिशन जीवन के लिए इको क्लब









**ईको क्लब मिशन - पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय गोलाघाट**

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय गोलाघाट के ईको क्लब का मिशन पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए विद्यार्थियों को जागरूक करना है। इस क्लब का उद्देश्य छात्रों को पर्यावरणीय मुद्दों जैसे जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, जैव विविधता की हानि और वृक्षारोपण के महत्व से अवगत कराना है।

ईको क्लब द्वारा समय समय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए जिनके अंतर्गत एक पेड़- मां के नाम, पर्यावरण दिवस, हरित भारत आदि कार्यक्रमों के द्वारा व्रक्षरोपन को बढ़ावा दिया गया ।

ईको क्लब के माध्यम से, छात्रों को विभिन्न पर्यावरणीय गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलता है, जैसे कि स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, जल बचत कार्यक्रम और पुनर्चक्रण (recycling) की प्रक्रिया को समझना। क्लब छात्रों को यह सिखाता है कि पर्यावरण की सुरक्षा हमारे व्यक्तिगत और सामूहिक जिम्मेदारी है।

# एक पेड़ माँ के नाम






**"एक पेड़ मां के नाम"**
"एक पेड़ मां के नाम" अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और छात्रों में वृक्षारोपण की महत्वपूर्णता को जागरूक करना है। इस पहल के तहत, हर छात्र को एक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया जाता है और इसे अपने माता-पिता, विशेष रूप से मां के नाम समर्पित किया जाता है।
इस अभियान के अंतर्गत विद्यालय के छात्रों ने अपनी माताओं के साथ विद्यालय प्रांगण में पेड़ लगाये गये और उन पेड़ों की देखभाल करने का प्रण लिया गया ।
यह अभियान न केवल पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना को जागरूक करता है, बल्कि यह बच्चों को यह सिखाता है कि पेड़ हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। वे वायुमंडल में ऑक्सीजन का स्तर बनाए रखने, जलवायु को संतुलित करने और प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करने में मदद करते हैं।

# शैक्षिक भ्रमण: जोरहाट






पी एम श्री केन्द्रीय विद्यालय गोलाघाट के छात्रों के लिए शैक्षिक भ्रमण एक महत्वपूर्ण अनुभव साबित हुआ, जब उन्हें जोरहाट विज्ञान केंद्र, सुकाफा कलाक्षेत्र और काजीरंगा आर्किड पार्क का भ्रमण करने का अवसर मिला। इस शैक्षिक यात्रा का उद्देश्य छात्रों को असम राज्य की सांस्कृतिक धरोहर, ऐतिहासिक स्थल और प्राकृतिक सौंदर्य से परिचित कराना था। जोरहाट अपने चाय बागानों, जलवायु और ऐतिहासिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। छात्रों ने वहां के चाय बागानों का दौरा किया, जहाँ उन्हें चाय उत्पादन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी मिली। इसके अलावा, छात्रों ने स्थानीय कला, संस्कृति और वन्यजीवों के बारे में भी सीखा, जिससे उन्हें अपने शैक्षिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण को विस्तारित करने का अवसर मिला।इस यात्रा ने छात्रों को न केवल ज्ञान अर्जन का अवसर दिया, बल्कि उन्हें टीम वर्क, अनुशासन और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की अहमियत भी समझाई। यह शैक्षिक भ्रमण उनके समग्र विकास में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# एफएलएन कार्यक्रम






PM Shri School के तहत शुरू किया गया **फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी (FLN)** कार्यक्रम बच्चों के शैक्षिक विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को प्रारंभिक कक्षा (कक्षा 1 से 5) में पढ़ाई के बुनियादी कौशल—जैसे पढ़ने, लिखने और गणना करने—में दक्ष बनाना है।

FLN कार्यक्रम के तहत छात्रों को उनकी सीखने की ज़रूरतों के अनुसार व्यक्तिगत समर्थन और संसाधन उपलब्ध कराए जाते हैं। यह कार्यक्रम शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने, बच्चों में बुनियादी कौशल विकसित करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम है। पीएम श्री विद्यालयों में इस पहल को लागू करके बच्चों को सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि वे आगे चलकर अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकें।

# योग दिवस










**योग कार्यक्रम** छात्रों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लागू किया गया है। इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य बच्चों को योग के माध्यम से शारीरिक फिटनेस, मानसिक शांति और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता विकसित करना है।

योग शिक्षक श्री उज्ज्वल शर्मा ने बताया कि

योग कार्यक्रम के तहत, छात्रों को प्राचीन भारतीय योग आसनों, प्राणायाम, ध्यान और तंत्र विधियों के बारे में जानकारी दी जाती है। यह उन्हें न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाए रखता है, बल्कि मानसिक तनाव को कम करने और आत्म-नियंत्रण में भी मदद करता है।

योग के नियमित अभ्यास से बच्चे अपनी एकाग्रता में सुधार कर सकते हैं, साथ ही उनकी लचीलेपन और सहनशीलता में भी वृद्धि होती है। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यालय बच्चों को एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करता है, जो उनके समग्र विकास में सहायक होता है। पीएम श्री विद्यालय में योग कार्यक्रम को शामिल कर, छात्रों को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है।

# राष्ट्रीय खेल दिवस – खेल गतिविधियाँ









**राष्ट्रीय खेल दिवस** (National Sports Day) खेलों के महत्व को बढ़ावा देने और छात्रों को शारीरिक गतिविधियों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से धूमधाम से मनाया जाता है। यह दिन हर साल 29 अगस्त को मनाया जाता है, जो भारत के महान हॉकी खिलाड़ी **मेजर ध्यानचंद** के जन्मदिन के रूप में समर्पित है।

स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षक श्री प्रबीर नंदी ने बताया कि इस दिन विद्यालय में विभिन्न खेल गतिविधियों और प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया जाता है, जिनमें छात्र-छात्राओं को उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाता है। विभिन्न खेल जैसे दौड़, कबड्डी, बैडमिंटन, क्रिकेट, और योग प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों में टीम भावना, समर्पण और शारीरिक फिटनेस का विकास होता है।

# पुस्तकालय गतिविधियाँ: पुस्तक समीक्षा और पुस्तकालय में आईसीटी का उपयोग






**पुस्तक समीक्षा और पुस्तकालय में आईसीटी का उपयोग**
पुस्तकालय गतिविधियाँ छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इन गतिविधियों के तहत छात्रों को पुस्तकों का परिचय, उनका मूल्यांकन (पुस्तक समीक्षा) और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (ICT) का उपयोग सिखाया जाता है।
पुस्तकालयाध्यक्ष श्री रचित कुमार आज़ाद ने बताया कि पुस्तालय गतिविधियों के अंतर्गत आने क कार्यक्रम आयोजित किये गए जिनमे पठान सप्ताह के अंतर्गत अनेक गतिविधियाँ आयोजित की गई ।
**पुस्तक समीक्षा:** यह गतिविधि छात्रों को विभिन्न प्रकार की पुस्तकों को पढ़ने और उन पर विचार व्यक्त करने का अवसर देती है। पुस्तक समीक्षा से छात्रों में न केवल पढ़ने की आदत विकसित होती है, बल्कि वे अपनी सोच और विश्लेषणात्मक क्षमताओं को भी बढ़ा सकते हैं। पुस्तक पर चर्चा करने से उनका भाषा कौशल और आत्मविश्वास भी मजबूत होता है।
**आईसीटी का उपयोग:** पुस्तकालय में ICT का प्रभावी उपयोग किया जा रहा है, जिससे छात्र पुस्तकों, शोध सामग्री और अन्य शैक्षिक संसाधनों तक डिजिटल तरीके से पहुंच सकते हैं। कंप्यूटर और इंटरनेट के माध्यम से छात्रों को ऑनलाइन पुस्तकालय, ई-बुक्स और शैक्षिक सॉफ़्टवेयर का उपयोग करने का अवसर मिलता है।

# स्वच्छता पखवाड़ा










**स्वच्छता पखवाड़ा:**
"स्वच्छता पखवाड़ा" 1 सितम्बर 2024 से 15 सितम्बर 2024 तक बड़े धूमधाम से मनाया गया। यह अभियान छात्रों में स्वच्छता के महत्व को जागरूक करने और उन्हें साफ-सफाई की आदतें विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जैसे कि स्कूल परिसर की सफाई, कक्षा कक्ष की सफाई, पर्यावरण जागरूकता पर निबंध लेखन, पोस्टर बनाना और स्वच्छता पर भाषण प्रतियोगिता।
छात्रों को यह समझाया गया कि स्वच्छ वातावरण न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, बल्कि मानसिक शांति के लिए भी महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत जल बचाने, कचरा प्रबंधन और पुनर्चक्रण (recycling) के बारे में भी छात्रों को जानकारी दी गई।

# राष्ट्रीय एकता दिवस









विद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस प्रत्येक वर्ष 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
कार्यक्रम के प्रभारी श्री प्रबीर नंदी (स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षक) ने बताया कि राष्ट्रिय एकता दिवस के अवसर पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें एकता दौड़ (Run for Unity), भाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन, पोस्टर निर्माण, समूह चर्चा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आदि कार्यक्रम शामिल हैं। इस अवसर पर छात्रों एवं शिक्षकों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली और देश की अखंडता व विविधता में एकता के महत्त्व पर अपने विचार व्यक्त किये।
यह दिवस छात्रों में देशभक्ति की भावना को मजबूत करने और सभी धर्मों, संस्कृतियों व भाषाओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है।

# केंचुआ खाद गड्ढा










पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कंपोस्ट गड्ढा स्थापित किया गया है।
जीव विज्ञान शिक्षिका श्रीमती सीमा दास ने बताया कि इस गड्ढे का मुख्य उद्देश्य विद्यालय में उत्पन्न जैविक कचरे का निस्तारण करना और उसे खाद में बदलना है, जिसे पौधों की वृद्धि के लिए उपयोग किया जा सकता है।
कंपोस्ट गड्ढे में विद्यालय द्वारा एकत्रित सभी जैविक कचरे, जैसे पत्तियां, फल-सब्जियों के छिलके, घास आदि, डाले जाते हैं। इन कचरों को समय के साथ विघटित किया जाता है, जिससे एक उर्वरक पदार्थ तैयार होता है, जो खेतों और बाग-बगिचों में पौधों की बेहतर वृद्धि में सहायक होता है।

# संस्कृत सप्ताह









पी एम श्री केन्द्रीय विद्यालय गोलाघाट 16 अगस्त से 23 अगस्त 2024 तक हर्सोल्लास से मनाया गया । प्राचार्य महोदय ने अपने उद्घाटन भाषण में बताया कि संस्कृत सप्ताह का आयोजन विद्यार्थियों में संस्कृत भाषा के प्रति रुचि बढ़ाने और इसके महत्व को समझाने के लिए किया जाता है। इस सप्ताह के दौरान विभिन्न गतिविधियाँ जैसे श्लोक पाठ, निबंध लेखन, संस्कृत नाटक, भाषण, प्रश्नोत्तरी एवं चित्रकला आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें छात्रों ने बढ़ – चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के संयोजक श्री रामाकिशन कुमावत ने बताया कि संस्कृत सप्ताह के आयोजन का उद्देश्य छात्रों को संस्कृत भाषा की समृद्ध परंपरा से परिचित कराना और उनमें इसकी व्यावहारिक उपयोगिता को बढ़ावा देना है। यह सप्ताह विद्यालय में उत्साह और संस्कृत भाषा के प्रति जागरूकता का वातावरण बनाता है।

# INFRASTRUCTURE OF THE VIDYALAYA

# ENTRANCE OF THE VIDYALAYA











# CLASS ROOM



# PLAYGROUND



# BIOLOGY LAB.



# CHEMISTRY LAB.



# BOYS TOILET



# CWSN TOILET




# RAMP




# COMPUTER LAB.




# CWSN RAMP



# MATHS KIT AND MATHS CIRCLE








धन्यवाद